Total No. of Pages : 4] **Code No. BA207HIN/B/2023**

B1776

FACULTY OF ARTS

B.A./B.Com./B.Sc. II Semester (3YDC) Examination, May/June - 2023

Subject : HINDI

Course Code No. & Name : BA207HIN - Hindi Gadya Sahitya (DSCC-II)

हिंदी गद्य साहित्य

Time : 3 Hours] *[Max. Marks : 100*

[Min. Marks : 40

खंड – 'अ'

[Marks : 5 × 4 = 20]

सूचनाएँ :

i) *इस खंड से केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें।*

ii) *सभी प्रश्नों के अंक (Marks) समान हैं।*

iii) *प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखें।*

1) बातचीत का वह कौनसा प्रकार है, जिसके कारण शत्रुओं को परास्त किया जा सकता है? समझाइए।

2) भारतीय संस्कृति की क्या विशेषताएँ हैं? संस्कृति संगम पाठ के आधार पर बताइए।

3) तीन पौंड का कर पाठ के आधार पर महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व का मूल्यांकन कीजिए।

4) घीसा की मूल संवेदना क्या है?

5) ''मेरे इन अभ्यस्त हाथों से अच्छे–अच्छे वकील भी नहीं छूट सके, पर इस बार तो कोई इंद्रजाल ही हो गया।'' सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

6) ''उन्हें लगा कि वह जिन्दगी द्वारा ठगे गए हैं। उन्होंने जो कुछ चाहा, उसमें से उन्हें एक बूँद भी न मिली।'' इस कथन की संदर्भ–सहित व्याख्या कीजिए।

7) 'त्यागपत्र' उपन्यास की रचना भारतीय स्त्री जीवन की विसंगतियों को दर्शाती है– इस कथन पर विचार कीजिए।

8) 'त्यागपत्र' उपन्यास के कथानक की विशेषताएँ बताइए।

9) 'अंडे के छिलके' एकांकी में धार्मिक परायण आदर्श बहू के रूप को राधा के चरित्र के माध्यम से किस प्रकार सार्थक बनाया गया है– बतलाइए।

10) 'अजातशत्रु' नाटक के उद्देश्यों को लिखिए।

<u>खंड – 'ब'</u>

[Marks : 5 × 12 = 60]

सूचनाएँ :

i) *इस खंड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

ii) *सभी प्रश्नों के अंक (Marks) समान हैं।*

iii) *प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग <u>250</u> शब्दों में लिखें।*

11) बातचीत पाठ के आधार पर वाक् शक्ति की महत्ता बताते हुए उसके प्रयोगों की चर्चा कीजिए।

अथवा

'संस्कृति' का क्या अर्थ है? क्या भारतीय संस्कृति को गंगाजमुनी संस्कृति कह सकते हैं? आपका अभिप्राय लिखिए।

12) 'तीन पौंड का कर' की कथा पर अपने विचार सविस्तार व्यक्त कीजिए।

अथवा

घीसा पाठ के आधार पर महादेवी वर्मा की गद्य रचना की प्रगतिशीलता पर विचार कीजिए।

13) 'भोलाराम का जीव' कहानी का व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

अथवा

वापसी कहानी में कौन–कौन सी समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है? स्पष्ट कीजिए।

14) 'त्यागपत्र' उपन्यास में चित्रित नारी जीवन पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

अथवा

मृणाल के जीवन में घटित घटनाओं का उल्लेख कीजिए।

15) 'अण्डे के छिलके' में कथावस्तु के विकास की स्थितियों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

बिम्बिसार का चरित्र चित्रण कीजिए।

<u>खंड – 'स'</u>

[Marks : 20 × 1 = 20]

सूचनाएँ :

i) *इस खंड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

ii) *सभी प्रश्नों के अंक (Marks) समान हैं।*

iii) *नीचे दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर लिखें।*

I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :

16) साधारण बातचीत में .... के लिए कोई मौका नहीं रहता।

अ) करतल ध्वनि   आ) संबोधन

इ) चुटीली बात   ई) इन सभी

17) भारत में सबसे पहले आनेवाले .... हैं।

अ) आर्य   आ) द्रविड़

इ) हूण   ई) शक

18) महादेवी विद्यार्थियों को .... पेड़ की घनी छाया में पढ़ाती थी।

अ) पीपल के   आ) आम के

इ) बरगद के   ई) इन में से कोई नहीं

19) राहुल सांकृत्यायन का जन्म कब हुआ?

अ) 1900 ई.   आ) 1885 ई.

इ) 1889 ई.   ई) 1893 ई.

20) चीन और भारत के प्राचीन संबंधों को दृढ़ करने का व्रत किसने ले रखा है?

अ) प्रो. तान्युशान   आ) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

इ) नगेन्द्र   ई) राहुल जी

21) घर छोटा होने के कारण गजाधर बाबू ने अपना प्रबंध .... में किया था।

अ) आँगन   आ) बैठक

इ) रसोई   ई) पड़ोस

22) त्यागपत्र .... शैली में रचा गया उपन्यास है।

अ) आत्मकथात्मक आ) रिपोर्ताज

इ) ऐतिहासिक ई) आंचलिक

23) मृणाल .... गृहिणी का प्रतिनिधित्व करती है।

अ) सामान्य आ) सम्पन्न

इ) मध्यवर्गीय ई) इनमें से कोई नहीं

24) रचनाक्रम के आधार पर 'त्यागपत्र' जैनेन्द्र का .... उपन्यास है।

अ) पहला आ) दूसरा

इ) तीसरा ई) चौथा

25) प्रसेनजित के पुत्र का नाम क्या था?

अ) विरुद्धक आ) बिम्बिसार

इ) उदयन ई) अजातशत्रु

II. सुमेल कीजिए :

अ		ब
26) शांति निकेतन में	अ)	मोहन राकेश
27) भोलाराम का जीव	आ)	महादेवी वर्मा
28) त्यागपत्र	इ)	राहुल सांकृत्यायन
29) घीसा	ई)	हरिशंकर परसाई
30) अण्डे के छिलके	उ)	जैनेन्द्र

III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

31) अवाक् रह अपने आप बातचीत करने का यह साधन .... साधन का मूल है।

32) ऋग्वेद में .... का उल्लेख मरुतों के स्वामी के रूप में मिलता है।

33) घीसा गुरु साहब से झूठ बोलना .... से झूठ बोलना समझता है।

34) सुबह घूमकर लौट आने के बाद गजाधर बाबू को बैठक में .... दिखाई नहीं दी।

35) त्यागपत्र उपन्यास की प्रमुख पात्र .... है।

✠ ✠ ✠